
# समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के तहत जनपद जालौन में दिनांक 07.05.2025 को निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :-

1. श्री प्रेमचन्द मौर्य, अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), जालौन।
2. श्री अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी, उरई।
3. श्री सुशील कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी, कालपी।
4. श्री विनय कुमार, उप जिलाधिकारी, जालौन।
5. सुश्री ज्योति सिंह, उप जिलाधिकारी, कोंच।
6. श्री मनोज कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी, माधौगढ़।
7. श्री अंचल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
8. श्री जे0के0 गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता (वि0 / यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
9. श्री महेन्द्र नाथ भारती, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-II, जालौन।
10. श्री जितेन्द्र नाथ भारती, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-I, जालौन।
11. श्री संजय कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
12. श्री शिवपूजन, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
13. श्री अखिलेश कुमार, सहायक अभियन्ता, एस0डब्ल्यू0एस0एम0, जालौन।
14. श्री सुधीर कुमार, सहायक अभियन्ता, (वि0 / यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
15. श्री गगन दीक्षित, सहायक अभियन्ता, एस0डब्ल्यू0एस0एम0, जालौन।
16. श्री के0वी0 सत्यानारायण, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0, जालौन।
17. श्री श्याम नारायण दूबे, सोशल एक्सपर्ट, पी0एम0सी0, जालौन।
18. श्री कृष्णा राजपूत, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0, जालौन।
19. श्री प्रमोद बड़क, पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0, लि0।
20. श्री आजाद चोपड़ा, प्रोग्राम मैनेजर, मै0 बी0जी0सी0सी0, लि0।
21. श्री वी0 नागेश, डी0जी0एम0, जी0वी0पी0आर0, जालौन।
22. श्री इब्राहीम, प्लानिंग, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0।
23. श्री आकाश, सीनियर ई0 (वि0 / यॉ0) जी0वी0पी0आर0, जालौन।
24. श्री धन्जय सिह, पी0एम0सी0, जालौन।





अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के द्वारा सला ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अनुबन्ध संख्या 32 / ई0डी0 / 2020-21 के सापेक्ष कराये जा रहे कार्यों की प्रगति निम्नवत है :-

## 1– सला ग्राम समूह सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

सला इन्टेकवेल के अन्तर्गत 01 Inlet Sluice Gate फिनिशिंग, पेन्टिंग एवं स्टोन पिचिंग का कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 के अन्तर्गत रकाडा को सभी अवर जलाशय से जोड़ने, क्रियाशील किये जाने एवं प्लान्टेशन का कार्य शेष है। Cascade Aerator में क्षतिग्रस्त Tiles को बदलने का कार्य शेष है। WTP पर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु Skilled Engineer एवं अनुभवी कैमिस्ट की समस्त सी0डब्ल्यू0आर0 पर कमी है। सभी CWR पर Chlorination room के अन्तर्गत डोजिंग पम्प अधिष्ठापन का कार्य, रेलिंग, रैम्प निर्माण, स्लूस वाल्व चेम्बर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। 56 नग ओवर हैड टैंक (OHT) के सापेक्ष 55 OHT को फंक्शनल किया गया है। शेष 01 OHT पर अत्यन्त धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। सभी ओ0एच0टी0 के Railing, Floor एवं Valve Chamber, Manhole cover, Water level Indicator का कार्य पूर्ण नहीं है। राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली के अन्तर्गत Gap Jointing, T-Bend & Sluice Valve का कार्य शेष है। गृह संयोजन के अन्तर्गत जी0आई0 पाइप क्लेम्पिंग, ग्राउटिंग, MDPE Pipe की Encasing का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु 08 टीम के सापेक्ष केवल 04 टीम कार्यरत है। सीडब्ल्यूआर एवं ओ0एच0टी0 के Campus Development का कार्य अत्यन्त धीमी गति से कार्य किया जा रहा है तथा बाउण्ड्रीवाल में प्लास्टर, प्वान्टिंग, गेट लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है। कमिशनिंग का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है, आवश्यक 20 टीम के सापेक्ष केवल 06 टीम कार्यरत है। उक्त योजना में DI & HDPE पाइप लाइन को कमिशनिंग किये जाने, गैप क्लोजिंग किये जाने, स्लूश वाल्व अधिष्ठापन किये जाने का कार्य, रोड रेस्टोरेशन, गृह संयोजन आदि कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 820 मैनपावर के सापेक्ष केवल 308 कार्यरत है। लीकेज रिपेयरिंग हेतु आवश्यक 10 टीम के सापेक्ष केवल 05 टीम कार्यरत है। एजेन्सी द्वारा सभी ग्रामों को कमिशन कर 01 जनवरी., 2025 से ट्रायल एण्ड रन प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, परन्तु गत 03 माह में एजेन्सी द्वारा अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित देरी की गयी है।

वर्तमान में पचीपुरी, पचोखरा, काबिलपुरा एवं इकलासपुरा कैम्पस में जल भराव है जिसके सुधारात्मक कार्य हेतु एजेन्सी द्वारा कार्यों में रूचि न लेने के कारण कार्यों में विलम्ब हो रहा है। 23 कैम्पस ऐसे है जिनमें वर्षा ऋतु में जल भराव हो जाता है, जिसके लिये Soil Filling का कार्य शेष है।

कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि सला डब्ल्यू0टी0पी0 एवं अन्य सी0डब्ल्यू0आर0 पर Low-Voltage की समस्या होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है, जिससे नियमित जलापूर्ति किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, जिसे 02 दिवस मे दुरूस्त किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड प्रथम जालौन को निर्देशित किया गया।

सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के कार्य में समयावधि में कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्धारित कार्य योजना के अनुसार प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

श्री नागेश, डी0जी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0 द्वारा 31 मई, 2025 तक सभी ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ किये जाने तथा 30 जून, 2025 तक सभी ग्रामो को हर घर जल सत्यापित कराते हुये शत प्रतिशत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी।

(कार्यवाही अपेक्षित– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/श्री नागेश, डी0जी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0)।

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा अनुबन्ध संख्या 35/ई0डी0/2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे सतही स्रोत आधारित रायपुरा, मढ़ेपुरा, कोटा मुस्तकिल एवं 256 भूजल आधारित पेयजल योजनाओं की प्रगति निम्नवत पाई गयी :–**

1–रायपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना :–

इन्टेकवेल में EOT Crane, JJM Logo एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। EOT Crane एवं स्काडा की सामग्री वर्तमान तक कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा क्रय नहीं की गयी है। डब्ल्यू0टी0पी0 में प्लान्टेशन का कार्य एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् 07 सी0डब्ल्यू0आर0 में केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल बिछाये जाने का कार्य शेष है। पैनल अधिष्ठापन सम्बन्धित कार्यों हेतु 04 टीम के सापेक्ष केवल 01 टीम कार्यरत है। सभी पम्प हाउस में फ्लोमीटर, इलेक्ट्रिक केबल, रैम्प, दरवाजे एवं खिड़की लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है। 17 OHT के सापेक्ष सभी में Down Pipe लगाये जाने का कार्य, 20 mm dia GI Pipe Railing, Floor एवं Valve Chamber, वाटर लेवल इंडीकेटर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। DI पाइप लाइन में 40 गैप है, जिससे सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय को Functional किये जाने का कार्य बाधित हो रहा है। 83 ग्राम के सापेक्ष मात्र 32 ग्राम में कमिशिनिंग का कार्य किया गया है, किन्तु किसी भी ग्राम में शतप्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, जिससे ग्रामों को हर घर जल किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। जिससे जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है। इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय के अन्तर्गत शेष कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 634 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 325 कार्यरत है।

दिनांक 31.03.2025 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्ययोजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं।

कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि चरसौनी स्थित सी0डब्ल्यू0आर0 पर CT Damage, एवं लोई मुस्तकिल, रणधीरपुर एवं कोड़ाकिर्राही में मीटर अधिष्ठापन का कार्य अवशेष है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण जलापूर्ति नियमित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। विद्युत आपूर्ति 02 दिवस में दुरूस्त किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन को निर्देशित किया गया।

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं कार्य में प्रगति लाने एवं कार्य को पूर्ण कराने का बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।**

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/ अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन /एम0डी0, मै0 बी0जी0सी0सी0)

2–कोटा मुस्तकिल सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना :–

इन्टेकवेल में पैनल अधिष्ठापन, EOT Crane, SCADA शेष है। EOT Crane एवं स्काडा की सामग्री वर्तमान तक कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा क्रय नहीं की गयी है। डब्ल्यू0टी0पी0 में प्लान्टेशन का कार्य तथा स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् 05 सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष 01 सी0डब्ल्यू0आर0 में वि/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं तथा अन्य सी0डब्ल्यू0आर0 में केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल बिछाये जाने का कार्य शेष है। पैनल अधिष्ठापन सम्बन्धित कार्य हेतु 07 टीम के सापेक्ष केवल 01 टीम कार्यरत है। सभी ओ0एच0टी0 के Railing, Floor एवं Valve Chamber, Manhole cover, Water level Indicator का कार्य शेष है। DI पाइप लाइन में 63 गैप है। वर्तमान तक 77 ग्राम के सापेक्ष केवल 04 ग्राम में कमिशिनिंग की गयी है तथा जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, जिससे ग्रामों को हर घर जल किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। शेष अवर जलाशय का कार्य, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने

हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पम्प एवं पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 670 मैनपावर के सापेक्ष केवल 85 कार्यरत है।

दिनांक 31.03.2025 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्य योजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं।

कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त सी0डब्ल्यू0आर0 पर ट्रान्सफार्मर एवं मीटर अधिष्ठापन का कार्य अवशेष है, जिसे 07 दिवस मे पूर्ण किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन को निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/ अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन /एम0डी0, मै0 बी0जी0सी0सी0)।

**3– मढ़ेपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना :–**

इन्टेकवेल मे EOT Crane, SCADA, JJM Logo एवं पेन्टिंग का कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 में क्लोरिनेशन का कार्य एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। योजना के तहत् 06 सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष 01 सी0डब्ल्यू0आर0 में वि/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं तथा अन्य सी0डब्ल्यू0आर0 में केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल विछाये जाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। पैनल अधिष्ठापन सम्बन्धित कार्यों हेतु 05 टीम के सापेक्ष मात्र 01 टीम कार्यरत है। सभी 12 ओ0एच0टी0 के Railing, Floor एवं Valve Chamber, Manhole cover, Water level Indicator का कार्य शेष है। DI पाइप लाइन में 51 गैप है। 69 ग्राम के सापेक्ष केवल 17 ग्राम में कमिशिनिंग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शतप्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, जिससे ग्रामों को हर घर जल किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। शेष अवर जलाशय का कार्य, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग ,पम्प एवं पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 710 मैनपावर के सापेक्ष केवल 190 कार्यरत है।

दिनांक 31.03.2025 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्य योजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं।

कान्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि लिड़उपुर स्थित सी0डब्ल्यू0आर0 पर CT Damage है एवं रिठौरा स्थिति सी0डब्ल्यू0आर0 पर ट्रान्सफार्मर क्षतिग्रस्त है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण जलापूर्ति नियमित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, जिसे 02 दिवस मे दुरुस्त किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन को निर्देशित किया गया।

**कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।**

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/ अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय जालौन /एम0डी0, मै0 बी0जी0सी0सी0)।

## 4– 256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना :–

256 नग नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत 208 पम्प अधिष्ठापन का कार्य किया गया है, परन्तु स्र्टाटर एवं पैनल अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया हैं, जिससे ग्रामों को कमिशनिंग किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। 255 OHT के सापेक्ष जालौन विकास खण्ड में 10 अवर जलाशय (कँथ, दमा, औरेखी, लौना, धन्तौली, सिहारी दाउदपुर, शेखपुर खुर्द, सदूपुरा, भिटारा एवं खर्रा) , कदौरा विकास खण्ड में 18 अवर जलाशय (परासन, महमूद नगर, उकासा, अकोढ़ी, जमरेही, पाण्डेपुर/तगारेपुर, कानाखेड़ा, पिपरायां, सुरौला, जोल्हूपुर, दशहरी, बसरेही, चन्दरसी, सुनेहटा, कुसमरा (सुरहती), बागी, जकसिया एवं रायड़ दिवारा), महेवा विकास खण्ड में 8 अवर जलाशय (हीरापुर, नरहान मुस्तकिल, शेखपुर/गुढ़ा, कुटरा मुस्तकिल–1, नूरपुर, उकहनू, मुसमरिया एवं टडवां) , माधौगढ़ विकास खण्ड में 13 अवर जलाशय (रामहेतपुरा, डिकौली माधौगढ़, कैलोर, मिझौना, गोपालपुरा, कुटरा, पड़कुला, जैतपुरा, शहबाजपुर, पूरनपुरा, रामपुरा माधौगढ़ अहेता एवं कुरौती) नदीगांव विकास खण्ड में 10 अवर जलाशय (मानपुरा, धौरपुर, लहूदी, लोहई, करहियापुर, गन्थरा, सदूपुरा, घिलौर एवं खकसीस) एवं रामपुरा विकास खण्ड में 4 अवर जलाशय (नावर, गुपलापुर, हुसेपुरा सुरही एवं बिलौड़) का कार्य अपूर्ण है। सभी ओएचटी में Stairs, 20 mm dia GI Pipe Railing, Floor एवं Valve Chamber बनाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है तथा ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु मात्र एक टीम लगाई गई है, जिससे ग्राम के सभी घरों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। 256 पम्प हाउस के सापेक्ष 16 पम्प हाउस (पर्वतपुरा, भिटारा, दशहरी, बागी, रायड़ दिवारा, सुनेहटा, सधारा, हिम्मतपुर, मैनूपुर मुस्तकिल, हथनौरा, ,कुटरा मुस्तकिल–1, नूरपुर, टडवां, सिरसा दो गढ़ी, खकसीस (मुकुन्दपुरा) एवं बिलौड़) का निर्माण कार्य अपूर्ण है तथा दरवाजे, खिड़की, एप्रन, कट आउट, बाईपास चैम्बर निर्माण का कार्य एवं क्लोरीन डोजिंग सिस्टम, पैन्टिंग एवं वोल्टेज स्टेपलाईजर, गर्डर, पैनल लगाये जाने एवं अन्य वि0/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं। 256 बाउन्ड्रीवॉल के सापेक्ष 26 साइट (ऊद, लौना, भिटारा, बागी, रायड़ दिवारा, जोल्हूपुर, दशहरी, चन्दरसी, सुनेहटा, पाली, गुलौली दिवारा, जौराखेरा, मुहारी, चतेला, रैला, निवहना, हिम्मतपुर, हथनौरा, कीरतपुर, कुटरा मुस्तकिल–1, मैनूपुर मुस्तकिल, नूरपुर, सोप्ता, अटागांव, गोपालपुरा, बरहल एवं बिलौड़) पर बाउण्ड्रीवाल का कार्य, प्लास्टर/प्वांन्टिंग एवं बाउण्ड्रीवाल में गेट फिक्सिंग का कार्य पूर्ण नहीं है। 256 स्टॉफ क्वार्टर के सापेक्ष 9 स्टाफ क्वार्टर (जोल्हूपुर, दशहरी, बागी, रायड़ दिवारा, हिम्मतपुर, मैनूपुर मुस्तकिल, नूरपुर, सिरसा दो गढ़ी, खकसीस (मुकुन्दपुरा) एवं बिलौड़) का कार्य अपूर्ण है एवं दरवाजे, खिड़की, आन्तरिक विद्युतीकरण एवं painting & finishing का कार्य कार्य पूर्ण नहीं हैं।

वर्तमान में इटौरा बावनी, भभुआ, हुसेपुरा जागीर, जमरेही सानी, खर्रा एवं धन्तौली कैम्पस में जल भराव है जिसके सुधारात्मक कार्य हेतु एजेन्सी द्वारा कार्यो में रूचि लेने के कारण कार्यो में विलम्ब हो रहा है। 92 कैम्पस ऐसे है जिनमें वर्षा ऋतु में जल भराव हो जाता है, जिसके हेतु Soil Filling का कार्य शेष है।

256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाये जाने, सड़क पुर्ननिर्माण कार्य, कमिशिनिंग, गृह संयोजन आदि कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 1120 मैनपावर के सापेक्ष केवल 185 कार्यरत है। योजना के अन्तर्गत कमिशनिंग हेतु आवश्यक 18 टीम के सापेक्ष 05 टीम, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन हेतु आवश्यक 08 टीम के सापेक्ष 00 टीम एवं विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 18 टीम के सापेक्ष 00 टीम कार्यरत हैं।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों के सापेक्ष इण्टरलॉकिंग एवं खड़न्जा रोड़ पुनर्निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। अतः एजेन्सी को 31 मई, 2025 तक सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं वार-वार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 व बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधियों को सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने, स्काडा अधिष्ठापन, शेष राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली की ज्वाइटिंग, गृह जल संयोजन के कार्य एवं नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने के कार्यो तथा सभी ग्रामों को "हर घर जल" कराये जाने हेतु आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी लगाते हुये अनुबन्ध की शर्तानुसार यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सभी कार्यो को मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु टी0पी0आई0 एवं जल निगम (ग्रामीण), जालौन को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में सभी घरों में पेयजल आपूर्ति हो रही है, उन्हे "हर घर जल" कराया जायें तथा "हर घर जल" प्रमाणित ग्रामों में नियमित पेजयल आपूर्ति का सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें।

समस्त विद्युत सम्बन्धी कार्यो को पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0), जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम/द्वितीय, जालौन को निर्देशित किया गया।

समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिन ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। उक्त ग्रामों का सत्यापन करते हुए पानी की गुणवत्ता, पानी का प्रेशर एवं क्लोरीन डोजिंग जांच किया जाना सुनिश्चित करें।

तत्पश्चात बैठक समाप्त की गयी।

08/05/2025

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)
O/C जनपद-जालौन

# कार्यालय जिलाधिकारी, जालान।

पत्रांक 1119/ / / /2024-25 दिनांकः- 08/05/2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, झांसी मण्डल, झांसी।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. जिलाधिकारी महोदय, जालौन को सादर अवलोकनार्थ।
5. मुख्य विकास अधिकारी, जालौन।
6. उप जिलाधिकारी (उरई, कोंच, कालपी, जालौन एवं माधौगढ़) जनपद-जालौन।
7. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
8. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी को इस आशय से प्रेषित कि विद्युत आपूर्ति सुचारू कराते हुये अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।
9. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, प्रथम/द्वितीय, जालौन को इस निर्देश के साथ कि विद्युत सम्बन्धी समस्त कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।
10. टीम लीडर, पी0एम0सी, आरवी एसोसिएट्स-जालौन/लखनऊ।
11. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0-जालौन।
12. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स, लि0 हैदराबाद।
13. मै0 बी0जी0सी0सी0, प्रा0लि0, नई दिल्ली।

08/05/2025

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति)
जनपद-जालौन
O/C